# EXPERT TALK ON PHOTOGRAPHY

**Mahendragarh:** The department of journalism and mass communication at Central University of Haryana (CUH) organised an expert talk on the importance of photography. The session was held to give an insight into the basics of photography. During the session, a well-known photographer, Dr Arun Khanna, highlighted the importance of time and attentiveness in photography. Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar said that events like these help enhancing the practical knowledge of the students.

The Tribune Thu, 01 September 2022
https://epaper.tribunei

हकेंवि

देशभर से 190 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को दी जाएगी नि:शुल्क कोचिंग

# यूपीएससी की निशुल्क कोचिंग के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा हुई। डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के चयनित 100 युवाओं को यूपीएससी प्रीलिम्स और मुख्य परीक्षा की निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।



हकेंविवि में प्रवेश परीक्षा देते अभ्यर्थी। संवाद

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने इस केंद्र को प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने के इच्छुक अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, डॉ. आंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के समन्वयक डॉ. अंतरेश कुमार के बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों से 190 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। डॉ. अंतरेश कुमार ने बताया कि यह केंद्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने दाखिलों में 33 प्रतिशत सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

**हकेंवि में चार विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट :** हकेंवि के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। अभियांत्रिकी अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल. एंथनी डेविड, बी. विश्वनाथ, यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पेशलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि बाकी तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मनोहर फिलामेंट्स प्रा.लि., चेन्नई में हुआ है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप चूरा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन उनके व्यावहारिक ज्ञान व कौशल व इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है।

## हकेंवि में लगाई बूस्टर डोज



**महेंद्रगढ़।** कोरोना से बचाव के लिए देशभर में जारी वैक्सीनेशन अभियान के तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पाली के सहयोग से कोरोना की बूस्टर डोज लगाई गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने वैक्सीन लगवाई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वैक्सीन कोरोना से बचाव का कारगार उपाय है। संवाद

# यूपीएससी की फ्री कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा हुई

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत



अनुसूचित जाति के चयनित 100 युवाओं को यूपीएससी प्रिलिम्स और मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया। डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के समन्यवक डॉ. अंतरेश कुमार के बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों से 190 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। दाखिलों में 33 प्रतिशत सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

# हकेंवि के चार विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल. एंथनी डेविड, बी. विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग सहित विभाग के प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर अनिल कुंडू ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार का मार्ग सुगम बनाने के उद्देश्य से अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यानों आदि का आयोजन किया जाता है। शिक्षक तरूण सिंह, शम्मी मेहरा, निशान सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।



# हकेंवि में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को लगाई बूस्टर डोज

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

कोरोना से बचाव के लिए देशभर में जारी वैक्सीनेशन अभियान के तहत हकेंवि में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के सहयोग से सोमवार को कोरोना की बूस्टर डोज लगाई गई।

विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने यह वैक्सीन लगवाई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वैक्सीन कोरोना से बचाव का कारगार उपाय है। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर सभी सहभागियों से कोरोना से बचाव के लिए लागू नियमों का पालन करने का भी आह्वान किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए बेहद जरूरी है कि सरकार की ओर से लगवाई जा रही वैक्सीन सभी अपनी योग्यता के अनुसार लगवाएं। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत 125 से अधिक अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने बूस्टर डोज लगवाई। उन्होंने इस अभियान में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के अलावा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पाली के बजरंग, राजकमल, बिंदु कुमारी, बजरंग से मिले सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के चार छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

जासं, नारनौलः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल एंथनी डेविड, बी विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।


बी विश्वनाथ


एल एंथनी


यधु कृष्णन


शुभग गर्ग

इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पेशलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि शेष तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मनोहर फिलामेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई में हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डा. विकास गर्ग सहित विभाग के प्लेसमेंट को-आर्डिनेटर अनिल कुंडू ने विशेष योगदान दिया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन उनके व्यावहारिक ज्ञान व कौशल व इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है। विद्यार्थियों के रोजगार का मार्ग सुगम बनाने के उद्देश्य से अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यानों आदि का आयोजन किया जाता है। विभाग के शिक्षक तरुण सिंह, शम्मी मेहरा, निशान सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## यूपीएससी परीक्षा की निश्शुल्क कोचिंग शुरू

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के चयनित 100 युवाओं को यूपीएससी प्री-लिम्स और मुख्य परीक्षा की निश्शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने इस केंद्र को प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने के इच्छुक अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक तथा डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस के समन्वयक डा. अंतरेश कुमार के बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों से 190 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। यह केंद्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाले दाखिलों में 33 प्रतिशत सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। डेस के लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है और जल्द ही कोचिंग के लिए कक्षाएं आरंभ कर दी जाएंगी।

# शिक्षकों, विद्यार्थियों ने लगवाई सतर्कता डोज

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : कोरोना से बचाव के लिए देशभर में जारी टीकाकरण अभियान के तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पाली के सहयोग से सोमवार को सतर्कता डोज लगाई गई।

विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने यह सतर्कता डोज लगवाई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वैक्सीन कोरोना से बचाव का कारगर उपाय है। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर सभी सहभागियों से कोरोना से बचाव के लिए लागू नियमों का पालन करने का भी आह्वान किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए बेहद जरूरी है कि सरकार की ओर से लगवाई जा रही वैक्सीन सभी अपनी योग्यता के अनुसार लगवाएं। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डा. रजत यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 125 से अधिक अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने सतर्कता डोज लगवाई। उन्होंने इस अभियान में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के अलावा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पाली के बजरंग, बिंदु से मिले सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



सतर्कता डोज लगवाने के लिए पंजीकरण करवाते विद्यार्थी • सौ.हकेंवि

# यूपीएससी परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

**महेंद्रगढ़**, सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। डा. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के चयनित 100 युवाओं को यूपीएससी प्रिलिम्स और मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया।

# Booster Dose camp organised in CUH

Pradeep Mishra
info@impressivetimes.com



**MAHENDERGARH :** A booster dose of corona was given on Monday in collaboration with the Primary Health Centre, Pali at Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh, as part of the nationwide vaccination campaign to protect against Covid-19. Various officers, faculty members, non-teaching staff, students and research scholars of the University got this vaccine. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor said that the vaccine is an effective way to prevent corona. Along with this, he also called upon all the participants on this occasion to follow the rules required to prevent corona. Dr. Rajat Yadav, Medical Officer of the University informed that under this vaccination campaign organized at the Health Center of the University, more than 125 officers, faculty members, non-teaching staff, students and research scholars administered booster doses. He expressed his gratitude for the cooperation received from Bajrang, Rajkamal, Bindu Kumari, Bajrang from Primary Health Centre, Pali in addition to the staff of University Health Center in this campaign.

# विवरण पुस्तिका का हुआ विमोचन



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ में भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के सहयोग से 10 व 11 अक्टूबर को 75 ईयर्स ऑफ इकोनोमिक डवलपमेंट वुमन इंटरप्रेन्योरशिप फोर सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विमोचन मोश्विविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। इस दौरान कुलपति ने इसके सफल आयोजन के लिए प्रेरित किया। डॉ. दिव्या ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में मजिहलाओं की भूमिका एवं उनके प्रयासों पर चर्चा-परिचर्चा होगी और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों से भी अवगत होने का अवसर प्रतिभागियों को प्राप्त होगा। संवाद

कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में हकेंविवि में कार्यक्रम आयोजित

# मोटा अनाज सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद : डॉ. पारस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीव विज्ञान विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने मोटे अनाज को पोषक और सेहत के लिए फायदेमंद बताया।

इस दौरान आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञ डॉ. पारस शर्मा ने बाजरा: पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग की छात्रा ईशा ने अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्त्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। संवाद

# राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का हुआ विमोचन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि में भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली के सहयोग से आगामी 10-11 अक्टूबर को 75 ईयर्स ऑफ इकोनोमिक डवलपमेंट वुमन इन्टरप्रेन्योरशिप फोर सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। संगोष्ठी के आयोजकों एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति इसके सफल आयोजन के लिए प्रेरित किया।



स्वतन्त्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किए जा रहे इस आयोजन में स्वतन्त्रता प्राप्ति से लेकर अब तक समावेशी आर्थिक विकास में महिला उद्यमिता के योगदान पर केंद्रित इस संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका के विमोचन के अवसर पर संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. दिव्या, सचिव डॉ. मनीष कुमार उपस्थित रहे। डॉ. दिव्या ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका एवं उनके प्रयासों पर चर्चा-परिचर्चा होगी और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों से भी अवगत होने का अवसर प्रतिभागियों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. रंजन अनेजा भी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, प्रो. जगदीश प्रसाद सिंघल, महेन्द्र कपूर एवं सलाहकार समिति के रूप में दिल्ली विवि की प्रो. गीता भट्ट, जेएनयू से डॉ. नरेश कुमार वर्मा, प्रो. दया सिंह, प्रो. सारिका शर्मा हैं।

# हकेंवि में खाद्य सुरक्षा व पोषक अनाज के बारे में किया जागरुक, मोटे अनाज का महत्व बताया



भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि महेंद्रगढ़ के पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरुकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पारस शर्मा ने बाजराः पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीव विज्ञान विभाग की छात्रा ईशा ने अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्त्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विमोचन



राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विमोचन करते हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (दाएं से दूसरे) • सौ. हकेंवि

**संस, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से 10-11 अक्टूबर को महिला उद्यमिता के योगदान से आर्थिक विकास के 75 साल में स्थिरता विषय पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इसके सफल आयोजन के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किए जा रहे इस आयोजन में स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक समावेशी आर्थिक विकास में महिला उद्यमिता के योगदान पर केंद्रित इस संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका के विमोचन के अवसर पर संगोष्ठी की संयोजिका डा. दिव्या, सचिव डा. मनीष कुमार उपस्थित रहे। डा. दिव्या ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका एवं उनके प्रयासों पर चर्चा-परिचर्चा होगी और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों से भी अवगत होने का अवसर प्रतिभागियों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. रंजन अनेजा भी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज पर कार्यक्रम आयोजित

संस, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आइसीएमआर राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के विज्ञानी डा. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डा. पारस शर्मा ने बाजरा पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का विमोचन

नारनौल, 2 अगस्त (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद (आईसीएसएसआर), दिल्ली के सहयोग से 10-11 अक्तूबर को 75 ईयर्स ऑफ इकोनॉमिक डेवेलपमेंट वुमन इन्टरप्रेन्योरशिप फोर सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की विवरण पुस्तिका का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। संगोष्ठी के आयोजकों एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम में कुलपति महोदय ने इसके सफल आयोजन के लिए प्रेरित किया।

दैनिक ट्रिब्यून

# FOUR CUH STUDENTS GET JOBS

**Mahendragarh:** Four BTech students at the department of printing and packaging technology at the Central University of Haryana (CUH) have got employment opportunities in reputed companies. Prof Tankeshwar Kumar said these students were Shubham Garg, L Anthony David, B Vishwanath and Yadhu Krishnan. They had been offered jobs by Max Specialty Films Ltd, Punjab and Manohar Filaments Pvt Ltd, Chennai.

# ASTRONOMY FEST ORGANISED

The Tribune
Wed, 03 August 2022
https://epaper.tribuneindia

# हकेवि की संकाय सदस्य को मिला सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड

## विजय कौशिक

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है।

डॉ. तंवर को यह अवार्ड नेशनल एंटरप्रिन्योर नेटवर्क वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियो के स्टार्टअप प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और वैश्विक स्तर पर उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. सुनीता तंवर को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि डॉ. सुनीता तंवर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ई-सेल की समन्वयक हैं। वे विश्वविद्यालय के साथ-साथ अलग संस्थानों में विद्यार्थियों को एंटरप्रिन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं।




आचार्य डॉ. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित करते हकेवी के कुलपति प्रो. टंकेश्वर। **आज समाज**

# हकेवि में हर घर तिरंगा अभियान की हुई शुरूआत

■ 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

महेंद्रगढ़। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ एक पखवाडे में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन को भारत की आजादी और उसके महत्त्व से अवगत कराएगा। विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजनों के तहत जनजागरूकता, लोगों में देशप्रेम का भाव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान को भारत के गौरव और सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही इन आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम का भाव प्रबल होगा।

उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों से इस अभियान की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत बुधवार को तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हो गई है। 3 से 5 अगस्त तक विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में इस जागरूकता कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल व सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 से 7 अगस्त को विभिन्न 75 स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 अगस्त को प्रभात फेरी-तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 9 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत पोस्टर, पेंटिंग प्रदर्शनी व भाषण तथा गीत प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।

12 अगस्त को कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हरियाणा कला परिषद व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। 13 व 14 अगस्त को वीडियोग्राफी प्रतियोगिता व छात्रावासों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इसी क्रम में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा आयोजित इस पखवाडे का समापन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के साथ होगा। इस आयोजन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के साथ एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रॉस, ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब, जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, आरडब्ल्यूए, जीपीएसीएच, कला एवं संस्कृति संवर्धन क्लब, सोशल मीडिया क्लब, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी व स्थानीय ग्रामीण सक्रिय भागीदारी करने जा रहे हैं।

# डॉ. सुनीता को मिला सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवॉर्ड

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) के प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। डॉ. तंवर को यह अवार्ड नेशनल एंटरप्रिन्योर नेटवर्क वाधवानी फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के स्टार्टअप प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और वैश्विक स्तर पर उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. सुनीता तंवर को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। डॉ. सुनीता तंवर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ई-सेल की समन्वयक हैं। वे विश्वविद्यालय के साथ-साथ अलग संस्थानों में विद्यार्थियों को एंटर प्रिन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं। संवाद

# हकेवि में तिरंगा अभियान की हुई शुरूआत

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से एक पखवारे में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन को भारत की आजादी और उसके महत्व से अवगत कराएगा।

विश्वविद्यालय के द्वारा इन आयोजनों के अंतर्गत जनजागरूकता, लोगों में देशप्रेम का भाव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान को भारत के गौरव और सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही इन आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम का भाव प्रबल होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों से इस अभियान की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत बुधवार को तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हो गई है। 3 से 5 अगस्त तक विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में इस जागरूकता कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल व सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

## 6 से 15 तक 75 स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम

इसी क्रम में 6 से 7 अगस्त को विभिन्न 75 स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 अगस्त को प्रभात फेरी-तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 9 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत पोस्टर, पेंटिंग प्रदर्शनी व भाषण तथा गीत प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। 12 अगस्त को कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हरियाणा कला परिषद व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। 13 व 14 अगस्त को वीडियोग्राफी प्रतियोगिता व छात्रावासों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा आयोजित इस पखवाडे का समापन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के साथ होगा।

# हकेवि की संकाय सदस्य को मिला सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवॉर्ड



**महेंद्रगढ़** | हकेवि, महेंद्रगढ़ में प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। डॉ. तंवर को यह अवॉर्ड नेशनल एंटरप्रिन्योर नेटवर्क वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्टअप प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और वैश्विक स्तर पर उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. सुनीता तंवर को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि डॉ. सुनीता तंवर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ई-सेल की समन्वयक हैं। वे विश्वविद्यालय के साथ-साथ अलग संस्थानों में विद्यार्थियों को एंटरप्रिन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं।

# हकेवि में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत 15 अगस्त तक विभिन्न प्रोग्राम होंगे आयोजित

**भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़**

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हकेवि, महेंद्रगढ़ एक पखवाड़े में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन को भारत की आजादी और उसके महत्त्व से अवगत कराएगा। विश्वविद्यालय के द्वारा इन आयोजनों के अंतर्गत जनजागरूकता, लोगों में देशप्रेम का भाव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान को भारत के गौरव और सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही इन आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम का भाव प्रबल होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों से इस अभियान की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत बुधवार को तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हो गई है। 3 से 5 अगस्त तक विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में इस जागरूकता कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल व सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 से 7 अगस्त को विभिन्न 75 स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 अगस्त को प्रभात फेरी-तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 9 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत पोस्टर, पेंटिंग प्रदर्शनी व भाषण तथा गीत प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। 12 अगस्त को कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हरियाणा कला परिषद व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। 13 व 14 अगस्त को वीडियोग्राफी प्रतियोगिता व छात्रावासों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा आयोजित इस पखवाड़े का समापन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के साथ होगा। इस आयोजन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के साथ एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रॉस, ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब, जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, आरडब्ल्यूए, जीपीएसीएच, कला एवं संस्कृति संवर्धन क्लब, सोशल मीडिया क्लब, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी व स्थानीय ग्रामीण सक्रिय भागीदारी करने जा रहे हैं।

# डा. सुनीता को मिला सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डा. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। डा. तंवर को यह अवार्ड नेशनल एंटरप्रिन्योर नेटवर्क वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्टअप प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और वैश्विक स्तर पर उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डा. सुनीता तंवर को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विद्यार्थियों को



डा. सुनीता तंवर को बधाई देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि

उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि डा. सुनीता तंवर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ई-सेल की समन्वयक हैं। वे विश्वविद्यालय के साथ-साथ अलग संस्थानों में विद्यार्थियों को एंटरप्रिन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं।

# हकेंवि की डॉ. सुनीता तंवर को मिला सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड



महेन्द्रगढ़ स्थित हकेंवि में बुधवार को डा. सुनीता तंवर को बधाई देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। -निस

महेन्द्रगढ़, 3 अगस्त (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर को सिल्वर ग्लोबल ज्यूरी अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। डॉ. तंवर को यह अवार्ड नेशनल एंटरप्रिन्योर नेटवर्क वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्टअप प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और वैश्विक स्तर पर उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए दिया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. सुनीता तंवर को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि डॉ. सुनीता तंवर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ई-सेल की समन्वयक हैं। वे विश्वविद्यालय के साथ-साथ अलग संस्थानों में विद्यार्थियों को एंटरप्रिन्योरशिप के लिए प्रोत्साहित करती रहती हैं।

# Har Ghar Tiranga campaign has started at CUH



Preeti
info@impressivetimes.com

**MAHENDARGARH:** On the occasion of 75 years of independence and on the call of Prime Minister Shri Narendra Modi, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh will make people aware of India's independence and its importance through a series of events that will be conducted within a fortnight. Under these events conducted by the University, public awareness, the feeling of patriotism and respect for the National Flag will be awakened and strengthened among the people. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor said that surely through these events, the feeling of patriotism will prevail among the people. He called upon all the participants of the University for their active participation in the success of this campaign. Prof. Anand Sharma, Dean Students Welfare informed that under the Azadi ka Amrit Mahotsav campaign, the Har Ghar Tiranga campaign has been started on Wednesday through the Tiranga awareness program. From August 3 to 5, this awareness program is being run in the villages adopted by the University under the leadership of Dr. Dinesh Chahal, Convener, NSS unit and Sunil Agarwal. In this sequence, plantation program will be organized at different 75 places from 6 to 7 August. Prabhat Pheri-Tiranga Yatra will be taken out on August 8. Poster, painting exhibition and speech and song presentation program is proposed to be organized on August 9 under the Azadi ke Amrit Mahotsav campaign. In the same series of programs on August 12, cultural evening will be organized by the students of Haryana Kala Parishad and the University. Videography competition and cleanliness competition will be organized in hostels on 13th and 14th August.

# कुलपति ने किया नैनोबायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स पुस्तक का विमोचन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के जैवरसायन विज्ञान विभाग



के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी की डॉ. प्रांजल चंद्रा द्वारा संपादित पुस्तक नैनोबायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। पुस्तक के संपादकों की प्रशंसा करते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक अकादमिक पेशेवरों के साथ-साथ जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी काफी प्रासंगिक है। पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट करते हुए, पुस्तक के संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा निदान के लिए पारंपरिक जैव रासायनिक और आधुनिक, संयुक्त नैनो-दृष्टिकोण दोनों को शामिल करती है। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश बाबू, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय; प्रो. सुनीता श्रीवास्तव और वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।

उपलब्धि

सोलर प्लेटों का किया गया है प्रयोग, स्पीड जैमर तथा एंटी एक्सीडेंट बंपर सिस्टम से लैस

# एक्सपो का हिस्सा बनेगी हकेंविवि की स्मार्ट इको फ्रेंडली कार

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नवाचार केंद्र में ऐसी तकनीक विकसित की गई है, जिसमें इंजन हवा के दबाव से चलता है। इसके तहत स्मार्ट इको फ्रेंडली कार तैयार की गई है जिसमें सोलर प्लेटों का इस्तेमाल किया गया है। इसकी बैटरी धूप से चार्ज होगी। कार में स्पीड जैमर और एंटी एक्सीडेंट बंपर सिस्टम लगा है। इसे दिल्ली के प्रगति मैदान में 5 से 7 अगस्त तक लग रहे अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में अपनी नवप्रवर्तन तकनीकों को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है जो गर्व की बात है।



स्मार्ट इको फ्रेंडली कार का अवलोकन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार संवाद

पर्यावरण प्रदूषण दूर करने में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र में निर्मित स्मार्ट इको-फ्रैंडली कार मील का पत्थर साबित होगी। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि प्रो. टंकेश्वर कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से नवाचार केंद्र निरंतर प्रगति कर रहा है। विश्वविद्यालय की टीम ईवी-एक्सपो में भारत ही नहीं कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच अपने मॉडल को लेकर पर्यावरण हितैषी वाहनों को बनाने के प्रयास में साझेदार बनी है।

नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र में निर्मित स्मार्ट इको फ्रैंडली कार भविष्य में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में उपयोगी साबित होगी। उनका प्रयास है कि केंद्र के माध्यम से भविष्य में आने वाली समस्याओं को नवाचार गतिविधियों से सुलझाया जा सकें। उन्होंने कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी सहित नवाचार केंद्र के सभी सदस्यों का आभार जताया। अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में भाग लेने जा रही टीम के सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. सूरज आर्य, सुनील कुमार, संदीप उपस्थित रहे।

# कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) वाराणसी की डॉ. प्रांजल चंद्रा की ओर से संपादित पुस्तक नैनो बायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स का विमोचन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक अकादमिक पेशेवरों के साथ-साथ जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी काफी प्रासंगिक है। पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट करते हुए संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा निदान के लिए पारंपरिक जैव रासायनिक और आधुनिक, संयुक्त नैनो-दृष्टिकोण दोनों को शामिल करती है। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश बाबू, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. विकास कुमार रहे। संवाद

# अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो का हिस्सा बनेगी हकेंवि की स्मार्ट इको फ्रैंडली कार



**भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़**

हकेवि, महेंद्रगढ़ के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र में ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें का इंजन हवा के दबाव से चलता है। इतना ही नहीं वर्तमान में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस पर्यावरण हितैषी स्मार्ट इको-फ्रैंडली कार में ऐसी सोलर प्लेटों का इस्तेमाल किया गया है जो सूरज की रोशनी के साथ-साथ अपनी दिशा परिवर्तित कर बैटरी को चार्ज रखती हैं। सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से कार में स्पीड जैमर तथा एंटी एक्सीडेंट बम्पर सिस्टम ही लगा हुआ है। विश्वविद्यालय में निर्मित इन अत्याधुनिक तकनीक को दिल्ली के प्रगति मैदान में 5 से 7 अगस्त, 2022 तक लग रहे अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में अपनी नवप्रवर्तन तकनीको को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है जो विश्वविद्यालय सहित समस्त क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम ईवी-एक्सपो में भारत ही नहीं कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के बीच अपने मॉडल को लेकर पर्यावरण हितैषी वाहनों को बनाने के प्रयास में साझेदार बनी है। विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केन्द्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि नवाचार एवं उद्भवन केन्द्र के निर्मित स्मार्ट इको फ्रैंडली कार भविष्य में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में उपयोगी साबित होगी।

# ‘नैनो बायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स’ पुस्तक का हुआ विमोचन

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के जैवरसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी की डॉ. प्रांजल चंद्रा द्वारा संपादित पुस्तक ‘ नैनोबायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स’ का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। पुस्तक के संपादकों की प्रशंसा करते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक अकादमिक पेशेवरों के साथ-साथ जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी काफी प्रासंगिक है।

पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट करते हुए, पुस्तक के संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा निदान के लिए पारंपरिक जैव रासायनिक और आधुनिक, संयुक्त नैनो-दृष्टिकोण दोनों को शामिल करती है। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश बाबू, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय; प्रो. सुनीता श्रीवास्तव और वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।




महेंद्रगढ़ में पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

# हकेंवि की ईको-फ्रेंडली कार ईवी-एक्सपो में लेगी हिस्सा

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ ने नवाचार एवं उद्भवन केंद्र में ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें इंजन हवा के दबाव से चलता है।

इतना ही नहीं वर्तमान में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस पर्यावरण हितैषी स्मार्ट ईको-फ्रेंडली कार में ऐसी सोलर प्लेटों का इस्तेमाल किया गया है, जो सूरज की रोशनी के साथ-साथ अपनी दिशा परिवर्तित कर बैटरी को चार्ज रखती हैं। सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से कार में स्पीड, जैमर तथा एंटी एक्सीडेंट बंपर सिस्टम भी लगा हुआ है। विश्वविद्यालय में निर्मित इस अत्याधुनिक तकनीक को दिल्ली के प्रगति मैदान में पांच से सात अगस्त तक लग रहे अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हकेंवि को अंतरराष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में अपनी नवप्रवर्तन तकनीकों को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है जो विश्वविद्यालय सहित समस्त क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है। पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इस समस्या के समाधान को सुलझाने के लिए विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र में निर्मित स्मार्ट ईको-फ्रेंडली कार मील का पत्थर साबित होगी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि प्रो. टंकेश्वर कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से नवाचार केंद्र निरंतर प्रगति कर रहा है। विश्वविद्यालय की टीम ईवी-एक्सपो में भारत ही नहीं कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच अपने माडल को लेकर पर्यावरण हितैषी वाहनों को बनाने के प्रयास में साझेदार बनी है। विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि उनका प्रयास है कि केंद्र के माध्यम से भविष्य में आने वाली समस्याओं को नवाचार गतिविधियों से सुलझाया जा सके। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी सहित नवाचार केंद्र के सभी सदस्यों का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ईवी-एक्सपो में भाग लेने जा रही टीम के सदस्यों को बधाई दी।



ईको-फ्रेंडली कार के साथ हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि

# प्रो. टंकेश्वर ने पुस्तक का किया विमोचन




नैनो बायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स पुस्तक का विमोचन करते हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार दाएं से दूसरे ● जागरण

**संस, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के जैव रसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी की डा. प्रांजल चंद्रा द्वारा संपादित पुस्तक नैनो बायोएनालिटिकल अप्रोच टू मेडिकल डायग्नोस्टिक्स का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक अकादमिक पेशेवरों के साथ-साथ जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी काफी प्रासंगिक है। पुस्तक के संपादक प्रो. पवन मौर्य ने पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर को भेंट की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा निदान के लिए पारंपरिक जैव रासायनिक व आधुनिक, संयुक्त नैनो-दृष्टिकोण दोनों को शामिल करती है। मौके पर प्रो. प्रकाश बाबू, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय प्रो. सुनीता और वित्त अधिकारी डा. विकास उपस्थित रहे।

# 'Nanobioanalytical Approaches to Medical Diagnostics' released by Prof. Tankeshwar Kumar




TIT Correspondent
info@impressivetimes.com

**MAHENDRAGARH :** The book published by Elsevier, USA titled 'Nanobioanalytical Approaches to Medical Diagnostics' edited by Prof. Pawan Kumar Maurya, Department of Biochemistry, Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh and Dr. Pranjal Chandra of Indian Institute of Technology (BHU), Varanasi was released by Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the Central University of Haryana. While complimenting the editors, Prof. Tankeshwar Kumar remarked that, this book is quite relevant and contextual for the academic professionals as well as students studying in the field of Life Sciences and also for Medical Professionals. While presenting the first copy of the book to Prof. Tankeshwar Kumar, the Editor of the book, Prof. Pawan Kumar Maurya observed that this book covers both traditional biochemical and modern, combined nano-approaches to medical diagnostics. On this occasion, Prof. Prakash Babu, Department of Biotechnology, University of Hyderabad; Prof. Sunita Srivastava and Dr. Vikas Kumar were also present.

# ईवी-एक्सपो का हिस्सा बनेगी हकेंवि की स्मार्ट इको फ्रैंडली कार

जगत क्रान्ति ⏭ ईश्वर तिवारी



महेन्द्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र में ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें कार का इंजन हवा के दबाव से चलता है। इतना ही नहीं वर्तमान में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस स्मार्ट इको-फ्रैंडली कार में ऐसी सोलर प्लेटों का इस्तेमाल किया गया है जो सूरज की रोशनी के साथ-साथ अपनी दिशा परिवर्तित कर बैटरी को चार्ज रखती हैं। सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से कार में स्पीड जैमर तथा एंटी एक्सीडेंट बम्पर सिस्टम भी लगा हुआ है। विश्वविद्यालय में निर्मित इन अत्याधुनिक तकनीक को दिल्ली के प्रगति मैदान में 5 से 7 अगस्त, 2022 तक लग रहे अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में अपनी नवप्रवर्तन तकनीको को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है जो विश्वविद्यालय सहित समस्त क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में बड़ी समस्या बनता जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो का हिस्सा बनेगी हकेंवि की स्मार्ट इको फ्रेंडली कार



**वाटिका न्यूज, नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र में ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें का इंजन हवा के दबाव से चलता है। इतना ही नहीं वर्तमान में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस पर्यावरण हितैषी स्मार्ट इको-फ्रैंडली कार में ऐसी सोलर प्लेटों का इस्तेमाल किया गया है जो सूरज की रोशनी के साथ-साथ अपनी दिशा परिवर्तित कर बैटरी को चार्ज रखती हैं। सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से कार में स्पीड जैमर तथा एंटी एक्सीडेंट बम्पर सिस्टम ही लगा हुआ है। विश्वविद्यालय में निर्मित इन अत्याधुनिक तकनीक को दिल्ली के प्रगति मैदान में 5 से 7 अगस्त, 2022 तक लग रहे अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय ईवी-एक्सपो में अपनी नवप्रवर्तन तकनीको को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है जो विश्वविद्यालय सहित समस्त क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इस समस्या के समाधान को सुलझाने के लिए विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केन्द्र में निर्मित स्मार्ट इको-फ्रेंडली कार मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को नवाचार एवं उद्भवन केन्द्र के ऐसी अनेकों तकनीक विकसित की जा रही है जो वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण सहित अनेकों समस्याओं के समाधान में सहयोग करेगी।

# अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति से देश को मिली एकात्मकता: प्रो. टंकेश्वर कुमार

नीरज कौशिक



राष्ट्रीय संगोष्ठी का सूचना पत्र जारी करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**महेंद्रगढ़।** जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अभिन्न अंग रहा है और वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति के बाद यह देश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक एकात्मकता में समाहित होता है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संवैधानिक स्वरूप में आया यह बदलाव बेहद निर्णायक रहा और इसके तीन साल पूरे होने पर आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के परिणामों पर विमर्श किया जाए।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुक्रवार को अंडरस्टेंडिंग जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख आर्टिकल 370 एंड आफ्टर विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन का सूचना पत्र जारी करते हुए व्यक्त किए। विश्वविद्यालय कार्यक्रम आगामी 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच करने जा रहा है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजन से संबंधित सूचना पत्र जारी करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए के चलते जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के साथ लंबे समय से हो रहे भेदभाव का जिस तरह से अंत हुआ है वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, वहां की बदली हुई परिस्थितियों को देशभर में महसूस किया जा रहा है। कुलपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से संबंधित इस उल्लेखनीय बदलाव को भारत की एकात्मकता से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह कदम न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि समूचे भारत के इतिहास का निर्णायक कदम है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह राष्ट्रीय संगोष्ठी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनुच्छेद 370 और 35ए के समाप्त होने के बाद पिछले तीन वर्षों में वहाँ बदले हालात पर केंद्रित रहेगा। इस सम्मेलन के विषय में विभाग के सह-आचार्य शांतेश कुमार सिंह और सहायक आचार्य डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस सेमिनार में जम्मू-कश्मीर में साक्षरता की स्थिति वहां की भौगोलिक परिस्थितियों, कला के विकास, आधुनिक राजनीति और मानव सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा। आयोजन के लिए शोधपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा अक्टूबर माह में होने जा रहे इस आयोजन का सूचना पत्र जारी करने पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, सह-आचार्य डॉ. मनोज कुमार, सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार, निशान सिंह सहित राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी उपस्थित रहे।



हकेंवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का सूचना पत्र जारी करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

# अनुच्छेद 370, 35 ए की समाप्ति से देश को मिली एकात्मकता : कुलपति

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अभिन्न अंग रहा है। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 व 35 ए की समाप्ति के बाद यह देश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक एकात्मकता में समाहित होता है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संवैधानिक स्वरूप में आया यह बदलाव बेहद निर्णायक रहा और इसके तीन साल पूरे होने पर आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के परिणामों पर विमर्श किया जाए।

ये बातें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुक्रवार को 'अंडरस्टेंडिंग जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख आर्टिकल 370 एंड आफ्टर' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन का सूचना पत्र जारी करते हुए कहीं। विश्वविद्यालय की ओर से सेमिनार का आयोजन 31 अक्तूबर से 2 नवंबर तक होगा। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए के चलते जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के साथ लंबे समय से हो रहे भेदभाव का जिस तरह से अंत हुआ है वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, वहां की बदली हुई परिस्थितियों को देशभर में महसूस किया जा रहा है। कुलपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से संबंधित इस उल्लेखनीय बदलाव को भारत की एकात्मकता से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह कदम न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि समूचे भारत के इतिहास का निर्णायक कदम है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनुच्छेद 370 और 35ए के समाप्त होने के बाद पिछले तीन वर्षों में वहां बदले हालात पर केंद्रित रहेगा।

# हकेंवि में दो दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का हुआ समापन

भास्कर न्यूज़ । महेंद्रगढ़



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से दो दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। दो दिन तक चले इस अभियान में कैंडल मार्च, जागरूकता रैली, खेल गतिविधियां, पोस्टर, रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में विवि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य नशे के खिलाफ शुरू हुए इस अभियान को समूचे भारत में पहुंचाना है ताकि युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके और उन्हें नशे की आदत से दूर रखा जा सके। कुलपति ने कहा कि युवा ही हैं जो भारत का भविष्य हैं। हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है और नशा ने करने का नारा व पाठ पूरे भारत को पढ़ाना है। इस अभियान को सफल बनाने में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम है। इस अवसर पर उन्होंने 'ना हम नशा करेंगे, ना हम नशा करने देंगे' का नारा भी दिया। विवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने में मदद मिलती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा। दो दिवसीय इस आयोजन का श्रेय नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. मनीश को जाता है। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थाओं के अधिकारी जुड़ें। इस ऑनलाइन आयोजन के बाद रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में निशान सिंह, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. मुरली, डॉ. कुमार, डॉ. मुलाका मारूति, डॉ. कल्पना चौहान, पूनम, संगीता, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुमित धारीवाल, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. मंजू, डॉ. सुधीर व विद्यार्थी समन्वयक अक्षतकांत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हकेंवि में नशामुक्त भारत अभियान हुआ संपन्न

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से द्विदिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। दो दिन तक चले इस अभियान में कैंडल मार्च, जागरूकता रैली, खेल गतिविधियां, पोस्टर, रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य नशे के विरुद्ध शुरू हुए इस अभियान को समूचे भारत में पहुंचाना है ताकि युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके और उन्हें नशे की आदत से दूर रखा जा सके।



नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि

कुलपति ने कहा कि युवा ही हैं, जो भारत का भविष्य हैं। हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है और नशा न करने का नारा व पाठ पूरे भारत को पढ़ाना है। इस अभियान को सफल बनाने में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम है। इस अवसर पर उन्होंने 'ना हम नशा करेंगे, ना हम नशा करने देंगे' का नारा भी दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने में मदद मिलती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा।

दो दिवसीय इस आयोजन को समयबद्ध व सफलतापूर्वक आयोजित करवाने का श्रेय नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल आफिसर डा. मनीश को जाता है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन के तहत तीन अगस्त को कैंडल मार्च निकाला गया तथा चार अगस्त को प्रातः जागरूकता रैली, वालीबाल मैच का आयोजन किया गया। इसके पश्चात एक आनलाइन कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जिसमें डा. विरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार तथा केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थाओं के अधिकारी जुड़ें। इस ऑनलाइन आयोजन के बाद रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में निशान सिंह, डा. सुनीता तंवर, डा. मुरली, डा. कुमार, डा. मुलाका मारूति, डा. कल्पना चौहान, पूनम, संगीता, डा. रश्मि तंवर, डा. सुमित धारीवाल, डा. सुमित कुमार व विद्यार्थी समन्वयक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

********

हरिभूमि



# केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का हकेंवि में होगा आयोजन

महेंद्रगढ़। जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अभिन्न अंग रहा है और वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति के बाद यह देश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक एकात्मकता में समाहित होता है। लद्दाख के संवैधानिक स्वरूप में आया यह बदलाव बेहद निर्णायक रहा व  तीन साल पूरे होने पर आवश्यक हो जाता है।

हरिभूमि
रोहतक-महेन्द्रगढ़
6 Aug 2022

# दो दिवसीय नशा मुक्त अभियान का समापन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से दो दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। दो दिन तक चले इस अभियान में कैंडल मार्च, जागरूकता रैली विभिन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# किसान का सहारा बन

# NATIONAL SEMINAR ON THE JAMMU& KASHMIR AND LADHAK BEFORE AND AFTER ARTICLE 370 WILL BE ORGANIZED AT CUH

**MAHENDARGARH :** The state of Jammu and Kashmir has been an integral part of India and after the abolition of Article 370 and 35A in the year 2019, it was absorbed in the political and administrative unity of the country. This change in the constitutional nature of Jammu-Kashmir and Ladakh has been very decisive and on the completion of its three years it becomes necessary that the consequences of this change should be discussed. This view was shared by the Vice Chancellor of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, Prof. Tankeshwar Kumar while releasing the brochure of a national seminar on 'Understanding Jammu and Kashmir and Ladakh Article 370 and After' on Friday. The program is going to be held at the University from 31 October to 2 November. This seminar is of aim to provide a platform to the researchers and social scientists to develop a better understanding of both the UTs in a multidimensional way including their strategic significance in International politics.

# अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति से देश को मिली एकात्मकता : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**महेंद्रगढ़,(जगमार्ग न्यूज)।** जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अभिन्न अंग रहा है और वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति के बाद यह देश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक एकात्मकता में समाहित होता है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संवैधानिक स्वरूप में आया यह बदलाव बेहद निर्णायक रहा और इसके तीन साल पूरे होने पर आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के परिणामों पर विमर्श किया जाए। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रग  के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुक्रवार को अंडरस्टेंडिंग जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख आर्टिकल 370 एंड आफ्टर विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन का सूचना पत्र जारी करते हुए व्यक्त किए। विश्वविद्यालय कार्यक्रम आगामी 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच करने जा रहा है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजन से संबंधित सूचना पत्र जारी करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए के चलते जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के साथ लंबे समय से हो रहे भेदभाव का जिस तरह से अंत हुआ है वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, वहां की बदली हुई परिस्थितियों को देशभर में महसूस किया जा रहा है।

पंजाब केसरी
SAT,06 AUGUST 2022
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 3

# अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति से देश को मिली एकात्मकता: प्रो. टंकेश्वर कुमार

■ **अनुच्छेद 370 से पहले और उसके बाद बदले हालातों पर केंद्रित राष्ट्रीय सैमिनार का हकेंवि में होगा आयोजन**

महेंद्रगढ़, 5 अगस्त (परमजीत, मोहन): जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अभिन्न अंग रहा है और वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए की समाप्ति के बाद यह देश की राजनीतिक एवं प्रशासनिक एकात्मकता में समाहित होता है।

जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संवैधानिक स्वरूप में आया यह बदलाव बेहद निर्णायक रहा और इसके 3 साल पूरे होने पर आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के परिणामों पर विमर्श किया जाए।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुक्रवार को अंडरस्टैंडिंग जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख आर्टिकल 370 एंड आफ्टर विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सैमिनार के आयोजन का सूचना पत्र जारी करते हुए व्यक्त किए। विश्वविद्यालय कार्यक्रम 31 अक्तूबर से 2 नवम्बर के बीच करने जा रहा है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजन से संबंधित सूचना पत्र जारी करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए के चलते जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के साथ लंबे समय से हो रहे भेदभाव का जिस तरह से अंत हुआ है वह बेहद सराहनीय है। भारत सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, वहां की बदली हुई परिस्थितियों को देशभर में महसूस किया जा रहा है।

कुलपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से संबंधित इस उल्लेखनीय बदलाव को भारत की एकात्मकता से जोड़ते हुए कहा कि अवश्य ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह कदम न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि समूचे भारत के इतिहास का निर्णायक कदम है।



*दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सूचना पत्र जारी करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।*

## शोध पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 अक्तूबर निर्धारित

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह 2 दिवसीय राष्ट्रीय सैमिनार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनुच्छेद 370 और 35ए के समाप्त होने के बाद पिछले 3 वर्षों में वहां बदले हालात पर केंद्रित रहेगा।

इस सम्मेलन के विषय में विभाग के सह-आचार्य शांतेश कुमार सिंह और सहायक आचार्य डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस सैमिनार में जम्मू-कश्मीर में साक्षरता की स्थिति, वहां की भौगोलिक परिस्थितियों, कला के विकास, आधुनिक राजनीति और मानव सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा। आयोजन के लिए शोध पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 अक्तूबर निर्धारित है।

विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा अक्तूबर माह में होने जा रहे इस आयोजन का सूचना पत्र जारी करने के अवसर पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, सह-आचार्य डॉ. मनोज कुमार, सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार, निशान सिंह सहित राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
SAT,06 AUGUST 2022
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 6

हकेंवि में 2 दिवसीय
नशा मुक्त भारत
अभियान सम्पन्न

# युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना, नशा न करने का पाठ पढ़ाना जरूरी: कुलपति



*नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

महेंद्रगढ़, 5 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से 2 दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया।

दो दिन तक चले इस अभियान में कैंडल मार्च, जागरूकता रैली, खेल गतिविधियां, पोस्टर, रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य नशे के खिलाफ शुरू हुए इस अभियान को समूचे भारत में पहुंचाना है ताकि युवाओं को नशे से होने वाले नुक्सान के बारे में जागरूक किया जा सके और उन्हें नशे की आदत से दूर रखा जा सके।

कुलपति ने कहा कि युवा ही हैं जो भारत का भविष्य हैं। हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है और नशा न करने पाठ पढ़ाना जरूरी है। इस अभियान को सफल बनाने में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम है।

इस अवसर पर उन्होंने 'न हम नशा करेंगे, न हम नशा करने देंगे' का नारा भी दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने में मदद मिलती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा।

## रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक की प्रतिभागिता

दो दिवसीय इस आयोजन को समयबद्ध व सफलतापूर्वक आयोजित करवाने का श्रेय नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. मनीश को जाता है। इस 2 दिवसीय आयोजन के तहत 3 अगस्त को कैंडल मार्च तथा 4 अगस्त को प्रात: जागरूकता रैली, वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात एक ऑनलाइन कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जिसमें डॉ. विरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार तथा केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थाओं के अधिकारी जुड़ें।

इस ऑनलाइन आयोजन के बाद रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस आयोजन में निशान सिंह, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. मुरली, डॉ. कुमार, डॉ. मुलाका मारुति, डॉ. कल्पना चौहान, पूनम, संगीता, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुमित धारीवाल, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. मंजू, डॉ. सुधीर व विद्यार्थी समन्वयक अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हकेवि में निकाली तिरंगा यात्रा

नीरज कौशिक



केन्द्रीय विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकालते।

**महेंद्रगढ़।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है।

> आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिंरगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पसरिचा, डॉ. आलेख एस नायक सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी शामिल हुए।

# हकेवि में संस्कृत सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के संस्कृत विभाग द्वारा



सोमवार को संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री जयप्रकाश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने संस्कृत सप्ताह आयोजित करने के लिए संस्कृत विभाग, स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ व आयोजन समिति की प्रशंसा की। कुलपति ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है बल्कि संस्कृत भारत की आत्मा है। उन्होंने शिक्षकों से संस्कृत के ज्ञान को प्रसारित करने का आह्वान किया। संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन, विश्वविद्यालय के कुलगीत व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परचिय स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जयप्रकाश गौतम ने संस्कृत व संस्कृति को जीवन में उतारकर श्रेष्ठ मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। संस्कृत भारती के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र जी, संस्कृत भारती के प्रांत साहित्य प्रमुख पुष्पेंद्र जी, ललिता बहन जी, अमित जी, राकेश शर्मा जी आदि गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन सत्र में संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें मनीषा का संस्कृत गीत प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. देवेंद्र ने किया जबकि कार्यक्रम के अंत में संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. सुमन रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

आयोजन

कुलपति बोले- बलिदानों से कराना है सभी को अवगत

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

संवाद न्यूज एजेंसी



हकेंविवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व अन्य सदस्य। संवाद

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत कर रहा है। 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है।

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय परिसर में वाई फाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पसरिचा, डॉ. आलेख एस नायक, डॉ. विरेंद्र सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी आदि शामिल हुए।

# संस्कृत भाषा ही नहीं भारत की आत्मा है : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संस्कृत सप्ताह आयोजित करने के लिए संस्कृत विभाग, स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ व आयोजन समिति की प्रशंसा की।

कुलपति टंकेश्वर कुमार ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है बल्कि संस्कृत भारत की आत्मा है। उन्होंने शिक्षकों से संस्कृत के ज्ञान को प्रसारित करने का आह्वान किया। संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर, विश्वविद्यालय के कुलगीत व सरस्वती वंदना के साथ हुई। मुख्यातिथि जयप्रकाश गौतम ने संस्कृत व संस्कृति को जीवन में उतारकर श्रेष्ठ मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत में लिखने व बोलने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। संस्कृत भारती के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र, संस्कृत भारती के प्रांत साहित्य प्रमुख पुष्पेंद्र, ललिता, अमित, राकेश शर्मा आदि गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन सत्र में संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें मनीषा का संस्कृत गीत प्रशंसनीय रहा। संवाद

ईवी-एक्सपो

केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा बोले- केंद्रीय विश्वविद्यालय बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीर

# हकेंविवि के नाम रहा बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ ने देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 15वें तीन दिवसीय इलेक्ट्रिक व्हिकल्स एग्जीबिशन (ईवी-एक्सपो)-2022 में बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड का खिताब रविवार को अपने नाम किया है।

तीन दिनों तक चली इस प्रदर्शनी में लगभग 100 राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र की ओर से स्मार्ट इको फ्रेंडली कार सहित सात विभिन्न पर्यावरण हितैषी इनोवेशन प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि व केंद्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भानु प्रताप सिंह वर्मा सहित स्टॉल पर आए आगंतुकों द्वारा खूब सराहा गया। भानु प्रताप सिंह वर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्तमान में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की जा रही तकनीक पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में कारगर साबित होगी। विश्वविद्यालय कुलपति तथा ईवी-एक्सपो में विशिष्ट अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड हासिल करने पर विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान हम सभी के लिए गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण हितैषी तो तकनीक विकसित की है, वह पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी।



हकेंविवि को बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड से पुरस्कृत करते ई-वी एक्सपो के आयोजक। विज्ञप्ति

## 'नई तकनीकों पर हो रहा है कार्य'

विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हम लगातार नई-नई तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं। ईवी-एक्सपो में मिली बड़ी सफलता पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि अवॉर्ड का मिलना जिम्मेदारी को बढ़ा देता है। अब केंद्र दोगुने उत्साह के साथ काम करेगा। इस अवसर पर नवाचार एवं उद्‌भवन केंद्र के सदस्य प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. सूरज आर्य, आलेख एस नायक, सुनील कुमार, दिलीप पटेल, संदीप सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा केंद्रीय विवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़



आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विवि के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विवि परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पसरिचा, डॉ. आलेख एस नायक, डॉ. वीरेंद्र सहित विवि के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी शामिल हुए।

ईवी-एक्सपो 2022 • लगभग 100 राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने उत्पाद प्रदर्शित किए

# हकेंवि के नाम रहा 'बेस्ट इनोवेशन स्टॉल' अवॉर्ड

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 15वें तीन दिवसीय इलैक्ट्रिक व्हीकल्स एग्जीबिशन (ईवी-एक्सपो)-2022 में बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड का खिताब अपने नाम किया है। तीन दिन तक चली इस प्रदर्शनी में लगभग 100 राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

इस ईवी-एक्सपो में हरियाणा केंद्रीय विवि के नवाचार एवं उद्धवन केंद्र की ओर से स्मार्ट इको फ्रैंडली कार सहित सात विभिन्न पर्यावरण हितैषी इनोवेशन प्रस्तुत किए गए। जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व केंद्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भानु प्रताप सिंह वर्मा सहित स्टॉल पर आए अन्य आगंतुकों द्वारा खूब सराहा गया। केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने विवि की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विवि वर्तमान में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीर है तथा विवि द्वारा विकसित की जा रही तकनीक निश्चित ही पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में कारगर साबित होगी।



टीम को बधाई देते केंद्रीय विवि के वीसी।

विवि कुलपति तथा ईवी-एक्सपों में विशिष्ट अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड हासिल करने पर विवि के नवाचार एवं उद्धवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान हम सभी के लिए गर्व की बात है। विवि कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विवि के नवाचार एवं उद्धवन केंद्र भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण हितैषी तो तकनीक विकसित की है, वह पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी। संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हम लगातार नई-नई तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं।

ईवी-एक्सपो में मिली बड़ी सफलता पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि अवॉर्ड का मिलना हमारी जिम्मेदारी को बढ़ा देता है। भविष्य में नवाचार एवं उद्धवन केंद्र न केवल विवि अपितु देशभर के उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करेगा। इस अवसर पर नवाचार एवं उद्धवन केंद्र के सदस्य प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. सूरज आर्य, आलेख एस नायक, सुनील कुमार, दिलीप पटेल, संदीप सहित विवि के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलिदानियों को हमेशा रखें याद : प्रो. टंकेश्वर कुमार


हकेंवि परिसर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (दाएं से दूसरे), कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व अन्य सदस्य ● सौ. हकेंवि प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रास के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डा. दिनेश चहल, डा. प्रदीप सिंह, डा. रश्मि तंवर, डा. सुरेंद्र शामिल हुए।

# हकेंवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा



जगत क्रान्ति ⏭ ईश्वर तिवारी

**महेन्द्रगढ़ :** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत कर रहा है। बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है।

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिंरगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली।

# हकेंवि में निकाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए किया प्रेरित

महेंद्रगढ़, 8 अगस्त (परमजीत, मोहन): आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है।

बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की शृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत करवाना है।



*हकेंवि परिसर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व अन्य सदस्य।*

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रैजिडैंशियल वैल्फेयर एसोसिएशन, एन.एस.एस. इकाई व यूथ रैडक्रॉस के सांझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पर्सरिचा, डॉ. आलेख एस. नायक, डॉ. वीरेंद्र सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल हुए।

# हकेंवि में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

नारनौल, 8 अगस्त (विजय कौशिक): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कुलपति ने संस्कृत सप्ताह आयोजित करने के लिए संस्कृत विभाग, स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ व आयोजन समिति की प्रशंसा की। कुलपति ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है बल्कि संस्कृत भारत की आत्मा है। उन्होंने शिक्षकों से संस्कृत के ज्ञान को प्रसारित करने का आह्वान किया।



*संस्कृत सप्ताह के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते मुख्य वक्ता जयप्रकाश गौतम।*

संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, विश्वविद्यालय के कुलगीत व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परिचय स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जयप्रकाश गौतम ने संस्कृत व संस्कृति को जीवन में उतारकर श्रेष्ठ मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत में लिखने व बोलने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। संस्कृत भारती के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र, संस्कृत भारती के प्रांत साहित्य प्रमुख पुष्पेंद्र, ललिता बहन, अमित, राकेश शर्मा आदि गण्यमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उद्‌घाटन सत्र में संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें मनीषा का संस्कृत गीत प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. देवेंद्र ने किया जबकि कार्यक्रम के अंत में संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. सुमन रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

सुरेश पंचोली/राष्ट्रीय खबर

**महेंद्रगढ़।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिंरगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की



अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पसरिचा, डॉ. आलेख एस नायक सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी शामिल हुए।

# हकेवि में तिरंगा यात्रा का आयोजन

महेन्द्रगढ़, रीयल संवाद सहयोगी। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जन-जन में देशप्रेम, राष्ट्रीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत व प्रबल कर रहा है। बीती 3 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्त्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस के साझा प्रयासों से आयोजित इस तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व



शिक्षणेतर कर्मचारियों को कुलपति ने हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी ली। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के



अवसर पर विश्वविद्यालय के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई पार्क से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में प्रो. हरीश कुमार, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. रश्मि तंवर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. विशाल पसरिचा, डॉ. आलेख एस नायक सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेतर कर्मचारी शामिल हुए।

# हकेवि बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड से सम्मानित

महेन्द्रगढ़, रीयल संवाद सहयोगी। हरियाणाा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 15वें तीन दिवसीय इलैक्ट्रिक व्हिकल्स एग्जीबिशन (ईवी-एक्सपो)-2022 में बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड का खिताब अपने नाम किया है। तीन दिनों तक चली इस प्रदर्शनी में लगभग 100 राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए थे। इस ईवी-एक्सपो में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की ओर से स्मार्ट इको फ्रैंडली कार सहित सात विभिन्न पर्यावरण हितैषी इनोवेशन प्रस्तुत किए गए। जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व केंद्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भानु प्रताप सिंह वर्मा सहित स्टॉल पर आए आगंतुको द्वारा खूब सराहा गया। केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्तमान में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीर है तथा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की जा रही तकनीक निश्चित ही पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में कारगर साबित होगी। विश्वविद्यालय कुलपति तथा ईवी-एक्सपों में विशिष्ट अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड हासिल करने पर विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान हम सभी के लिए गर्व की बात है।




विश्वविद्यालय को मिला यह सम्मान हमारे अंदर नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण हितैषी तकनीक विकसित की है, वह पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी। विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हम लगातर नई-नई तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं। ईवी-एक्सपो में मिली बड़ी सफलता पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि अवॉर्ड का मिलना हमारी जिम्मेदारी को बढ़ा देता है।अब हमारा कैंद्र दोगुने उत्साह के साथ काम करेगा तथा मुझे विश्वास है कि भविष्य में नवाचार एवं उद्भवन केंद्र न केवल विश्वविद्यालय अपितु देशभर के उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेगा। इस अवसर पर नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के सदस्य प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. सूरज आर्य, आलेख एस नायक, सुनील कुमार, दिलीप पटेल, संदीप सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हकेवि में 8 दिवसीय कविता पोस्टर प्रदर्शनी की हुई शुरूआत

■ 15 अगस्त तक चलेगी प्रदर्शनी

नीरज कौशिक



कविता पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में हिंदी विभाग की साहित्य समिति के तत्वावधान में अमित मनोज की आठ दिवसीय कविता पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आमजन को जागरूक करने में कविता की भूमिका अहम है। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव में आयोजित सभी कार्यक्रमों से अलग है।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता संग्राम और कविता विषय पर आयोजित इस कविता पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों व जनता में आजादी की लौ जलाने में कविताओं की अपनी एक अलग भूमिका रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आज उसी जज्बे से रूबरू होने का अवसर मिला। इसके लिए उन्होंने साहित्य समिति के सभी सहभागियों को आयोजन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को कविता प्रदर्शनी के माध्यम से व्यक्त करने की सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अलग अनुभव रहा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक व कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अधिष्ठाता प्रो. चंचल कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्य समिति के समन्वयक डॉ. अमित मनोज ने अपनी लेखन कला का जो परिचय दिया है वह प्रशंसनीय है।

प्रदर्शनी में लगी कविताओं को पढ़कर मन में देशभक्ति व देशप्रेम की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव हमारे देश की आत्मा है, जिसे हम सभी को मिलकर जीवित रखना है और मजबूत बनाना है। साहित्य समिति के समन्वयक डॉ. अमित मनोज ने बताया कि इस पोस्टर प्रदर्शनी में 40 से अधिक पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें रवींद्रनाथ टैगौर, जयशंकर प्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, अल्ताफ हुसैन हाली, सोहन लाल द्विवेदी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि कवियों की रचनाएं प्रमुख हैं। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत आगामी 15 अगस्त तक चलने वाली इस प्रदर्शनी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य जनभावनाओं की अभिव्यक्ति होता है। स्वाधीनता संग्राम में हमारे रचनाकारों ने अपनी कलम के माध्यम से देश की जनता में जोश भरने का कार्य किया। आजादी की लड़ाई में जिन कविताओं ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन कविताओं को पोस्टर के रूप में प्रदर्शित करना इस कविता पोस्टर प्रदर्शनी का उद्देश्य है। आठ दिवसीय यह प्रदर्शनी आजादी के अमृत महोत्सव को एक नया आयाम प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय ने किया। प्रदर्शनी के आयोजन में साहित्य समिति के पदाधिकारी आकाश भारती, हिमांशु, बबली यादव, विकास, मनोज, सेवानंद, नंदनी राठौड़, गोविंद, नितेश सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।

# आउटलुक की वार्षिक रेकिंग में हकेवि के बनाया टॉप 20 में स्थान

- देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में हकेवि 19वें पायदान पर



**नीरज कौशिक**

**महेंद्रगढ़।** भारत की प्रतिष्ठित आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 जारी कर दी गई है। इस रैंकिंग में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ न उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

विश्वविद्यालय ने देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान प्राप्त कर टॉप 20 में अपना स्थाना बनाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित सभी सहभागियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 में शैक्षणिक व शोध उत्कृष्टता, इंडस्ट्री इंटरफेस, प्लेसमेंट, आधारभूसंरचना, एडमिशन, विविधत, आउटरीच आदि पैरामीटर्स को शामिल किया गया था।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे देश के टॉप विश्वविद्यालयों के आना वास्तव में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, नवाचार, शोध व सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा और निरंतर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

प्रदर्शनी

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आठ दिवसीय कविता और पोस्टर प्रदर्शनी शुरू

# आमजन को जागरूक करने में कविता की भूमिका अहम : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की साहित्य समिति के तत्वावधान में आठ दिवसीय कविता और पोस्टर प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रहे। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशिष्ट अतिथि रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आमजन को जागरूक करने में कविता की भूमिका अहम है। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों व जनता में आजादी की लौ जलाने में कविताओं की अपनी एक अलग भूमिका रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आज उसी जज्बे से रूबरू होने का अवसर मिला है। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि यह उनके लिए एक अलग अनुभव रहा। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रो. चंचल कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्य समिति के समन्वयक डॉ. अमित मनोज ने अपनी लेखन कला का जो परिचय दिया है वह प्रशंसनीय है। सांप्रदायिक सद्भाव हमारे देश की आत्मा है, जिसे हम सभी को मिलकर जीवित रखना है और मजबूत बनाना है। साहित्य समिति के समन्वयक डॉ. अमित मनोज ने बताया कि इस पोस्टर प्रदर्शनी में 40 से अधिक पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया है।



कविता पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

इसमें रवींद्रनाथ टैगौर, जयशंकर प्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, अल्ताफ हुसैन हाली, सोहन लाल द्विवेदी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, सुभद्रा कुमारी चौहान की रचनाएं प्रदर्शित की गई हैं। संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय ने किया। प्रदर्शनी के आयोजन में साहित्य समिति के पदाधिकारी आकाश भारती, हिमांशु, बबली यादव, विकास, मनोज, सेवानंद, नंदनी राठौड़, गोविंद, नितेश की सक्रिय भागीदारी रही।

## हकेंविवि ने बनाया टॉप 20 में स्थान

**महेंद्रगढ़।** भारत की प्रतिष्ठित आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 जारी कर दी गई है। इस रैंकिंग में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय ने देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान प्राप्त कर टॉप 20 में अपना स्थाना बनाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित सभी सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक, नवाचार, शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 में शैक्षणिक व शोध उत्कृष्टता, इंडस्ट्री इंटरफेस, प्लेसमेंट, आधारभूसंरचना, एडमिशन, विविधत, आउटरीच आदि पैरामीटर्स को शामिल किया गया था। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे देश के टॉप विश्वविद्यालयों के आना वास्तव में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, नवाचार, शोध व सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा और निरंतर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। संवाद

# तिरंगा यात्रा निकाल देशभक्ति की भावना को किया जागृत

**महेंद्रगढ़** | आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में संपूर्ण भारत में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत स्थानीय लघु सचिवालय से भी एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा महेंद्रगढ़ नपा एवं श्री ओमससाईंराम इंटरनेशनल स्कूल/बचपन प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त जयकृष्ण आभीर थे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कनीना नपा प्रधान सतीश जैलदार, नपा सचिव नवीन कुमार एवं चेयरपर्सन निशा सैनी थे। डीसी डॉ जयकृष्ण आभीर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं। नपा प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रमों से सभी लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। उन्होंने उपायुक्त महोदय, नगर पालिका के चेयरमैन व समस्त पार्षदों का हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रवक्ता दिनेश शर्मा, हरीश रोहिल्ला, प्रवक्ता अमर सिंह सोनी, बार एसोसिएशन प्रधान बंसीलाल यादव, पूर्व पोस्ट मास्टर रमेश वर्मा, राजेंद्र भारद्वाज पोता, एडवोकेट शमशेर सिंह, नगरपालिका पार्षद अशोक कुमार सैनी, देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू, सरिता राठी, राजेश सैनी, हरीराम खन्ना, संजय राठी, सुरेंद्र फौजी, सीमा एडवोकेट, विद्यालय डायरेक्टर शालिनु गोयल, प्राचार्या चित्रा शर्मा, उप प्राचार्या प्रियंका सोनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थे।



# आउटलुक रैंकिंग : हकेवि टॉप-20 में शामिल

**महेंद्रगढ़** | भारत की प्रतिष्ठित आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग-2022 जारी कर दी गई है। इस रैंकिंग में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हकेवि, महेंद्रगढ़ न उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय ने देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान प्राप्त कर टॉप 20 में अपना स्थाना बनाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शैक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित सभी सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक, नवाचार, शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि आउटलुक-आईसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 में शैक्षणिक व शोध उत्कृष्टता, इंडस्ट्री इंटरफेस, प्लेसमेंट, आधारभूसंरचना, एडमिशन, विविधत, आउटरीच आदि पैरामीटर्स को शामिल किया गया था। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे देश के टॉप विश्वविद्यालयों के आना वास्तव में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, नवाचार, शोध व सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा और निरंतर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# जागरूक करने में कविता की भूमिका अहम

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में हिंदी विभाग की साहित्य समिति के तत्वावधान में डा. अमित मनोज की आठ दिवसीय कविता पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (नीली जैकेट में) • प्रवक्ता

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आमजन को जागरूक करने में कविता की भूमिका अहम है। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव में आयोजित सभी कार्यक्रमों से अलग है। स्वाधीनता संग्राम और कविता विषय पर आयोजित इस कविता पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों व जनता में आजादी की लौ जलाने में कविताओं की अपनी एक अलग भूमिका रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से मंगलवार को उसी जज्बे से रूबरू होने का अवसर मिला। इसके लिए उन्होंने साहित्य समिति के सभी सहभागियों को आयोजन के लिए बधाई दी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को कविता प्रदर्शनी के माध्यम से व्यक्त करने की सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अलग अनुभव रहा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की संयोजक व कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अधिष्ठाता प्रो. चंचल कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्य समिति के समन्वयक डा. अमित मनोज ने अपनी लेखन कला का जो परिचय दिया है वह प्रशंसनीय है। साहित्य समिति के समन्वयक डा. अमित मनोज ने बताया कि प्रदर्शनी में 40 से अधिक पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें रवींद्रनाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, अल्ताफ हुसैन हाली, सोहन लाल द्विवेदी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि कवियों की रचनाएं प्रमुख हैं। स्वाधीनता संग्राम में हमारे रचनाकारों ने अपनी कलम के माध्यम से देश की जनता में जोश भरने का कार्य किया। आठ दिवसीय यह प्रदर्शनी आजादी के अमृत महोत्सव को एक नया आयाम प्रदान करती है।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डा. सिद्धार्थ शंकर राय ने किया। प्रदर्शनी के आयोजन में साहित्य समिति के पदाधिकारी आकाश भारती, हिमांशु, बबली यादव, विकास, मनोज, सेवानंद, नंदनी राठौड़, गोविंद, नितेश सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।

# हकेंवि ने आउटलुक की वार्षिक रैंकिंग में टाप 20 में बनाया स्थान

संस, महेंद्रगढ़: भारत की प्रतिष्ठित आउटलुक-आइसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 जारी कर दी गई है। इस रैंकिंग में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय ने देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान प्राप्त कर टाप 20 में अपना स्थाना बनाया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित सभी सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक, नवाचार, शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि आउटलुक-आइसीएआरई वार्षिक रैंकिंग 2022 में शैक्षणिक व शोध उत्कृष्टता, इंडस्ट्री इंटरफेस, प्लेसमेंट, आधारभूसंरचना, एडमिशन, विविधत, आउटरीच आदि पैरामीटर्स को शामिल किया गया था। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे देश के टाप विश्वविद्यालयों में आना वास्तव में बड़ी उपलब्धि है। विश्वविद्यालय शिक्षा, नवाचार, शोध व सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा और निरंतर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# CUH got position in top 20 Universities -Outlook release Annual Ranking



TIT Correspondent
info@impressivetimes.com

**MAHENDRAGARH** : India's prestigious Outlook-ICARE Annual Ranking 2022 has been released. In this ranking, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has performed notably in the category of Central Universities. The University has made it to the top 20 by securing 19th position among the central universities across the country. Expressing his happiness for Central University of Haryana, the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated all the stakeholders including the students, research scholars, faculty members, non-teaching staff of the University. He said that it is the result of the hard work of all the stakeholders of the University that it is constantly making new achievements in the field of academic, innovation and research. Prof. Tankeshwar Kumar informed that the Outlook-ICARE Annual Ranking 2022 included parameters like academic and research excellence, industry interface, placement, infrastructure, admission, diversity, outreach etc. Making it among the top universities of the country like Jawaharlal Nehru University, Banaras Hindu University and Delhi University is indeed a big achievement for Central University of Haryana. He said that the University would always strive to do remarkable work in the field of education, innovation, research and social concerns and would continue to set new records of success.

# हकेवि के समाजशास्त्र विभाग ने किया गणियार गांव का शोध भ्रमण

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के समाजशास्त्र विभाग में



अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने महेंद्रगढ़ जिले के गणियार गांव का एक दिवसीय शोध भ्रमण किया। इस शोध भ्रमण के माध्यम से गांव के विकास में महिलाओं की भूमिका, पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता आदि विषयों को जानने का प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने समाजशास्त्र विभाग द्वारा किए गए शोध कार्य की उपयोगिता का वर्णन करते हुए कहा कि जनजीवन की दशा में सुधार लाने में शोध कार्य की भूमिका अहम होती है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलती है। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. युद्धवीर जैलदार के मार्गदर्शन में हुए इस शोध भ्रमण में गांव की विभिन्न जातियों को नमूने के तौर पर चुना गया। डॉ. युद्धवीर जैलदार ने बताया कि गांव की सरपंच बीना देवी ने ग्राम पंचायत द्वारा गांव में किए गए विकास कार्यों से शोध टीम को अवगत कराया। साथ ही ग्रामीण रतन लाल, रजनी देवी, डॉ. कुलदीप यादव आदि ने गांव की उपलब्धियों व चुनौतियों से भी शोध टीम को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस शोध भ्रमण के आधार पर विभाग एक विस्तृत अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करेगा जिससे भविष्य में गांव की समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके।

# विद्यार्थियों ने किया गांव गणियार का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के समाजशास्त्र विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने जिले के गणियार गांव का एक दिवसीय शोध भ्रमण किया। भ्रमण के माध्यम से गांव के विकास में महिलाओं की भूमिका, पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता आदि विषयों को जानने का प्रयास किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जनजीवन की दशा में सुधार लाने में शोध कार्य की भूमिका अहम होती है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलती है। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. युद्धवीर जैलदार के मार्गदर्शन में हुए शोध भ्रमण में गांव की विभिन्न जातियों को नमूने के तौर पर चुना गया।

गांव की सरपंच बीना देवी ने ग्राम पंचायत द्वारा गांव में किए विकास कार्यों से शोध टीम को अवगत कराया। साथ ही ग्रामीण रतन लाल, रजनी देवी, डॉ. कुलदीप यादव आदि ने गांव की उपलब्धियों व चुनौतियों से भी शोध टीम को अवगत कराया। संवाद

# हकेवि के संकाय सदस्य को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड-2022

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भेषजिक विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार को ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) पर उनके शोध कार्य के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर्स द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही उनके शोध कार्य से टीबी को खत्म करने की दिशा में मदद मिलेगी। इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने डॉ. सुमित को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। भेषजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर भारत सरकार के एमएसएमई और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत पंजीकृत है डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ. सुमित कुमार ने नोवेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम (एनडीडीएस) तैयार करके टीबी की अग्रिम पंक्ति की परम्परागत दवाई को नया रूप देते हुए उसके प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टीबी विश्व में संक्रामक रोगों से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2021) के अनुसार, लगभग 4000 लोग प्रतिदिन टीबी से अपनी जान गंवाते हैं और विश्व स्तर पर प्रतिदिन करीब 28,000 लोग इस बीमारी से संक्रमित हो रहे हैं। गरीबों की बीमारी के नाम से कुख्यात इस संक्रामक बीमारी पर बहुत कम ही शोध कार्य हुए हैं। कोई भी मल्टीनेशनल फार्मास्युटिकल कंपनी टीबी पर शोध कार्य करने में रूचि नहीं दिखा रही है। डॉ. सुमित कुमार ने आश्वासन दिया कि यह एनडीडीएस निश्चित रूप से भारत से टीबी के पूर्ण उन्मूलन में लोगों की मददगार साबित होगा। साथ ही यह टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य टीबी मुक्त वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले यानी 2025 में प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका अदा करेगी। उन्होंने बताया कि टीबी अनुसंधान पर विस्तृत अध्ययन के लिए एक परियोजना तैयार की गई है और जल्द ही वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार को प्रस्तुत की जाएगी। डॉ. सुमित कुमार की इस उपलब्धि के लिए संकाय सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी।

# डॉ. सुमित कुमार को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड




हकेंविवि में डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ के भैषजिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार को टीबी पर उनके शोध कार्य के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर्स ने रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही उनके शोध कार्य से टीबी को खत्म करने की दिशा में मदद मिलेगी। प्रो. नीलम सांगवान ने डॉ. सुमित को शुभकामनाएं दी। भैषजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ. सुमित कुमार ने नोवेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम (एनडीडीएस) तैयार करके टीबी की अग्रिम पंक्ति की परंपरागत दवाई को नया रूप देते हुए उसके प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टीबी विश्व में संक्रामक रोगों से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है।

डॉ. सुमित कुमार ने आश्वासन दिया कि यह एनडीडीएस निश्चित रूप से भारत से टीबी के पूर्ण उन्मूलन में लोगों की मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि टीबी अनुसंधान पर विस्तृत अध्ययन के लिए एक परियोजना तैयार की गई है और जल्द ही वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार को प्रस्तुत की जाएगी।

कार्यक्रम

आजादी के अमृत महोत्सव की शृंखला में चलाया अभियान

# पौधरोपण कर पर्यावरण को हराभरा करने का दिया संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक शाखा महेंद्रगढ़ में हरकोफैड विभाग की तरफ से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा अनुदेशिका पूनम यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नारनौल के मुख्य अधिकारी संजय यादव थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। संजय यादव ने कहा कि हमारे पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पूरी सृष्टि का पर्यावरण संतुलन वृक्षों पर टिका हुआ है। इस मौके पर महेंद्रगढ़ शाखा के प्रबंधक दर्शन कुमार, महिपाल, विजेंद्र सिंह, संजय कुमार, सुशीला शर्मा, दिनेश कुमार, शीशराम, राजेश कुमार, करण सैनी मौजूद रहे।



बाबा साध धाम पर पौधरोपण करते हकेंविवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

कनीना : कनीना पैक्स परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दी महेंद्रगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के जनरल मैनेजर प्रशांत यादव ने पौधरोपण किया व वर्षा जल संचय तलैया के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशांत यादव ने बताया कि आजादी का यह पर्व हर धर्म के लोग बड़ी ही धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने कनीना पैक्स प्रांगण में पौधरोपण किया व तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने डॉ. विनोद यादव के आवास पर स्थित जल संचय तलैया का निरीक्षण किया। आकोदा : गांव आकोदा में बाबा साध धाम पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे हकेंविवि के कुलपति डॉ. टंकेश्वर कुमार ने सभी ग्रामीणों से आह्वान किया की ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जिनसे पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके।

## बाबा खेतानाथ संस्थान में मनाया वन महोत्सव

**नारनौल।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वीरवार को बाबा खेतानाथ राजकीय बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान में वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान संस्थान परिसर में पौधे लगाए गए। संस्थान के प्राचार्य अनिल यादव ने पौध लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी स्टाफ सदस्यों तथा एनएनएस अधिकारी योगेंद्र सिंह व उनकी टीम ने पौधे लगाए। प्राचार्य अनिल यादव ने बताया प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण जरूरी है। संवाद

# हकेंवि के सहायक आचार्य को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड-2022

**भास्कर न्यूज़** | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के भैषजिक विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार को ट्यूबर क्लोसिस (टीबी) पर उनके शोध कार्य के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर्स द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड- 2022 से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही उनके शोध कार्य से टीबी को खत्म करने की दिशा में मदद मिलेगी। इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने डॉ. सुमित को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



महेंद्रगढ़ में डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

भैषजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर भारत सरकार के एमएसएमई और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत पंजीकृत है। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ. सुमित कुमार ने नोवेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम (एनडीडीएस) तैयार करके टीबी की अग्रिम पंक्ति की परम्परागत दवाई को नया रूप देते हुए उसके प्रभाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टीबी विश्व में संक्रामक रोगों से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2021) के अनुसार, लगभग 4000 लोग प्रतिदिन टीबी से अपनी जान गंवाते हैं और विश्व स्तर पर प्रतिदिन करीब 28,000 लोग इस बीमारी से संक्रमित हो रहे हैं। गरीबों की बीमारी के नाम से कुख्यात इस संक्रामक बीमारी पर बहुत कम ही शोध कार्य हुए हैं। कोई भी मल्टीनेशनल फार्मास्युटिकल कंपनी टीबी पर शोध कार्य करने में रूचि नहीं दिखा रही है।

डॉ. सुमित कुमार ने आश्वासन दिया कि यह एनडीडीएस निश्चित रूप से भारत से टीबी के पूर्ण उन्मूलन में लोगों की मददगार साबित होगा। साथ ही यह टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य टीबी मुक्त वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले यानी 2025 में प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका अदा करेगी। उन्होंने बताया कि टीबी अनुसंधान पर विस्तृत अध्ययन के लिए एक परियोजना तैयार की गई है और जल्द ही वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार को प्रस्तुत की जाएगी। डॉ. सुमित कुमार की इस उपलब्धि के लिए संकाय सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी।

# हकेंवि के डा. सुमित कुमार को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

## औषधि विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य ने टीबी पर किया शोध

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के औषधि विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डा. सुमित कुमार को ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) पर उनके शोध कार्य के लिए इंस्टीट्यूट आफ स्कालर्स द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डा. सुमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही उनके शोध कार्य से टीबी को खत्म करने की दिशा में मदद मिलेगी। अंतर अनुशासनिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने डा. सुमित को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इंस्टीट्यूट आफ स्कालर भारत सरकार के एमएसएमई और कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत पंजीकृत है। डा. दिनेश कुमार ने बताया कि डा. सुमित कुमार ने नोवेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम (एनडीडीएस) तैयार करके टीबी की अग्रिम पंक्ति की परंपरागत दवाई को नया रूप देते हुए उसके प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टीबी विश्व में संक्रामक रोगों से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है।



डा. सुमित कुमार को बधाई देते हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार दाएं • सौ. संस्था

विश्व स्वास्थ्य संगठन (2021) के अनुसार, लगभग 4000 लोग प्रतिदिन टीबी से अपनी जान गंवाते हैं और विश्व स्तर पर प्रतिदिन करीब 28,000 लोग इस बीमारी से संक्रमित हो रहे हैं। डा. सुमित कुमार ने आश्वासन दिया कि यह एनडीडीएस निश्चित रूप से भारत से टीबी के पूर्ण उन्मूलन में लोगों की मददगार साबित होगा। साथ ही यह टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य टीबी मुक्त वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले यानी 2025 में प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका अदा करेगी। डा. सुमित कुमार की इस उपलब्धि के लिए संकाय सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी।

# CUH faculty fetched Research Excellence Award-2022



TIT Correspondent
info@impressivetimes.com

**MAHENDARGARH** : Dr. Sumit Kumar working as Assistant Professor, Department of Pharmaceutical Sciences Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has been awarded with Research Excellence Award-2022 by Institute of Scholars for his research work on Tuberculosis. On this achievement Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor ; Prof. (Dr.) Neelam Sangwan, Dean, School of Interdisciplinary and Applied Sciences, and other faculty members congratulated the Dr. Sumit Kumar. Dr. Dinesh Kumar, Head, Department of Pharmaceutical Sciences gladly informed that Institute of Scholars is registered under Ministry of MSME & Corporate Affairs, Govt. of India. Dr. Sumit Kumar has increased the efficacy of conventional marketed first line anti-TB drug by preparing Novel drug delivery system (NDDS). Tuberculosis remains the World's single leading cause of mortality from a contagious agent. According to World Health Organization (2021), nearly 4000 people lose their lives to TB and closer to 28,000 people fall ill with this preventable and curable disease per day globally. This type of research will definitely boost up the drug discovery process for the management of the Tuberculosis. Dr. Kumar assured that this Novel drug delivery system (NDDS) certainly help people in complete eradication of Tuberculosis from India and the target of TB free India will be achieved five years prior i.e 2025 to the TB free world. He added, target of TB free India will be easily achieved. Dr. Kumar also informed that for detailed study on TB research a project has been prepared and will be submitted soon to the government of India for financial assistance.

# हकेवि के संकाय सदस्य को मिला रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

महेन्द्रगढ़, प्रवीण कुमार ( पंजाब केसरी) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भैषजिक विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार को ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) पर उनके शोध कार्य के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर्स द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सुमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही उनके शोध कार्य से टीबी को खत्म करने की दिशा में मदद मिलेगी। इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने डॉ. सुमित को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। भैषजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ स्कॉलर भारत सरकार के एमएसएमई और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत पंजीकृत है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगी प्रदर्शनी

**संवाद न्यूज एजेंसी**



**प्रो. रघुवेंद्र तंवर को श्रीफल भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार** । संवाद

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शनिवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) नई दिल्ली और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) नई दिल्ली के सहयोग से प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आईसीएचआर के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को विभाजन के समय हुई हिंसा और विस्थापन के बारे में अवगत कराना है। प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान की स्मृतियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। विभाजन की विभीषिका से हम सभी कहीं न कहीं भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विभीषिका को भारतीय इतिहास में न भूले जाने वाली घटना बताते हुए विभाजन विभीषिका-स्मृति दिवस मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि विभाजन के समय जो विभीषिका देशवासियों ने सहन की, उसका मार्मिक दृश्य प्रदर्शनी में देखने को मिला। सभी भारतवासी अखंड भारत चाहते थे लेकिन अंग्रेजों द्वारा विभाजन की रेखा खींची गई। विभाजन के मार्मिक दृश्य की कल्पना मात्र से ही शरीर में सिरहन पैदा हो जाती है। इस अवसर पर प्रो. तंवर ने विभाजन विभीषिका पर लगाई गई प्रदर्शनी के साथ इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई में प्राप्त वस्तुओं को भी देखा।

# विभाजन समय देशवासियों ने जो विभीषिका सहन की उसके दृश्य मार्मिक : प्रो. रघुवेंद्र

## हकेवि में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी व व्याख्यान का हुआ आयोजन

**भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़**

हकेवि, महेंद्रगढ़ में शनिवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एक प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली के सहयोग से इस प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आईसीएचआर के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में आयोजित इस प्रदर्शनी की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को विभाजन के समय हुई हिंसा और विस्थापन के बारे में अवगत कराना है। कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि विभाजन के समय जो विभीषिका देशवासियों ने सहन की, उसका मार्मिक दृश्य प्रदर्शनी में देखने को मिला।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. अमर सिंह, डॉ. नरेंद्र परमार, डॉ. अभिरंजन कुमार, डॉ. ईश्वर परिदा, डॉ. कुलभूषण, डॉ. कर्ण सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र का भी दौरा किया।

### आरडी ग्रीन फील्ड्स स्कूल में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**महेंद्रगढ़|** आरडी ग्रीनफील्ड स्कूल, बुंदेबाज नगर, शनिवार को 'हर घर तिरंगा' यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा स्कूल से शुरू होकर बुंदेबाज नगर व नीची भांडोर से होकर निकली। इस यात्रा में स्कूल के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सारा स्टाफ मौजूद था रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को तिरंगे झंडे के महत्व के बारे में अवगत कराया।

## रेलवे स्टेशन पर विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी



**महेंद्रगढ़ |** शहर के रेलवे स्टेशन पर विभाजन विभीषिका दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेल यात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने रिबन काटकर किया। लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर काफी संख्या में गणमान्य लोगों द्वारा प्रर्दशनी का अवलोकन कियागया।

# विभाजन की विभीषिका से हम सभी भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शनिवार को विभाजन विभीषिक स्मृति दिवस पर एक प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के सहयोग से इस प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आइसीएचआर के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में आयोजित इस प्रदर्शनी की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. रघुवेंद्र तंवर को श्रीफल भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (बाएं से दूसरे) ● सौ. प्रवक्ता

कहा कि विभाजन की विभीषिका से हम सभी कहीं न कहीं भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विभीषिका को भारतीय इतिहास में न भूले जाने वाली घटना बताते हुए विभाजन विभीषिका-स्मृति दिवस मनाने का आह्वान किया। प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि विभाजन के समय जो विभीषिका देशवासियों ने सहन की, उसका मार्मिक दृश्य प्रदर्शनी में देखने को मिला। विभाजन के मार्मिक दृश्य की कल्पना मात्र से ही शरीर में सिरहन पैदा हो जाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. अमर सिंह, डा. नरेंद्र परमार, डा. अभिरंजन डा. ईश्वर उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया

**जागरण संवाददाता, नारनौल:** देश के बंटवारे के दर्द, संघर्ष व बलिदान की याद में प्रधानमंत्री द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत महेंद्रगढ़ जिले में यूरेका पब्लिक स्कूल को चयनित किया गया। इस दिवस की शुरुआत स्कूल के विद्यार्थी परिषद ने मार्च पास्ट से व राष्ट्र ध्वज को सलामी देकर की। विद्यालय प्रांगण में सभी बच्चों को सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका सुषमा ने विभाजन विभीषिका पर एक प्रस्तुति देकर उन्हें उस समय के संघर्ष व दर्द से रूबरू करवाया। बच्चों ने स्वाधीनता सेनानियों की गौरव गाथा व उनके अदम्य साहस और बलिदान का वर्णन करके जोश भर दिया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के भावनात्मक गीतों से सभी की आंखें नम कर दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी स्वतंत्रता सेनानी बनकर देशभक्ति की अलख जगाई। अंत में विद्यालय के चेयरमैन अनिल कौशिक व प्राचार्या मधु कौशिक ने देश के अमर बलिदानियों एवं वीर जवानों को नमन किया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।